हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]






Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.
A FESTIVE WELCOME AWAITS AT YOUR NEW ADDRESS OF SERENE LANDSCAPED GARDENS.
CLASSICAL FROM OUTSIDE.
MODERN FROM INSIDE.
Artist's Impression
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
New Town
Own it!
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games – Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces – Wellness made easy
TO AVAIL Diwali PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]





## कार में लगी आग, बाल-बाल बचे दो युवक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रसेन चौक पर शुक्रवार की शाम सड़क पर दौड़ रही कार में आग लग गई। कार सवार को आसपास के लोगों ने कार से निकलती धूंए की जानकारी दी, जिसके बाद युवकों ने थार से कूद कर अपनी जान बचाई।

शुक्रवार की शाम को अचानक एक कार में आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार कार मंहिद्रा कंपनी की थार मॉडल है। चालकों के अनुसार 3 दिन पहले ही दीपावली के उपलक्ष्य पर कार खरीदी गई थी, शाम को युवक आउटिंग के लिए निकले थे, लेकिन जैसे ही अग्रसेन चौक पर रेड सिग्नल के पर कार खड़ी हुई, बोनट से धुंआ उठने लगा। आसपास के लोगों ने फौरी तौर पर अनहोनी के आशंका से दोनों युवक को सचेत किया, इस दौरान आग भड़क गई और महज आधे घंटे में पूरी कार जलकर राख हो गई। कार में आग लगने से लिंक रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया। अचानक हुई इस घटना का लोगों ने विडियो बनाया और फेसबुक और इंस्टाग्राम में अपलोड कर दिया। पुलिस के अनुसार अभी तक इस मामले में किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

■ भीड़ भरी सड़क पर हुआ हादसा लोग बनाते रहे वीडियो

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट में दो नए रिटेनर काउंसिल की नियुक्ति





**बिलासपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो नए रिटेनर काउंसिल की नियुक्ति की है। ईडी ने बी. गोपा कुमार और शशांक ठाकुर को हाईकोर्ट वकालत की जिम्मेदारी दी है। अब ये दोनों एडवोकेट हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में ईडी की ओर से पक्ष रखेंगे। गौरतलब है कि वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग ने देश भर के हाईकोर्ट में 65 अधिवक्ताओं की पैनल सूची जारी है। इसमें इन दोनों एडवोकेट का नाम है।

### सैनिक स्कूलः प्रवेश परीक्षा के आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा ली जाएगी।

## आबकारी एक्ट में फंसाने के नाम पर वसूली, आरक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पचपेड़ी थाना क्षेत्र में आरक्षक द्वारा अवैध वसूली का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। आरक्षक गजपाल जांगड़े ने आबकारी एक्ट में फंसाने की धमकी देते हुए युवक से 2 लाख रुपए की मांग की थी। मामला निपटाने के डर से पीड़ित ने अपनी जमीन गिरवी रखकर 1 लाख 5 हजार रुपए का बंदोबस्त किया और आरक्षक को रकम दे दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले के संज्ञान में आते ही फौरन आरक्षक को निलंबित कर मामले की जांच का आदेश दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मानिकचौरी निवासी जोगी नायक को 6 अक्टूबर की शाम हेड कांस्टेबल हरवेंद्र खूटे ने थाना परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में बुलाया था। वहां आरक्षक गजपाल जांगड़े, अजय मधुकर और मुरीत बघेल भी मौजूद थे। चारों पुलिसकर्मियों ने मिलकर उसे धमकाया। उसे कहा गया है कि



पचपेड़ी थाना क्षेत्र की घटना

वायरल विडियो को संज्ञान लेते हुए आला अधिकारियों ने दिखाई तत्परता

गुंडा-बदमाश का केस दर्ज किया जाएगा और 50 लीटर शराब की जब्ती बनाकर जेल भेज दिया जाएगा। पीड़ित का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने छोड़ने के एवज में 2 लाख रुपए की मांग की, बाद में 1 लाख 5 हजार रुपए में सौदा तय हो गया। मजबूर होकर जोगी नायक ने अपनी जमीन गिरवी रखकर रकम जुटाई। रकम देने के लिए उसने आरक्षक गजपाल जांगड़े को घर बुलाया और पत्नी के हाथों रकम दिलाई। यह पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई। किसी ने यह विडियो सोशल मीडिया में प्रसारित कर दिया, जिसके बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। विडियो को संज्ञान में लेते हुए आला अधिकारी भी हरकत में आए और तत्काल प्रभाव से आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

### यह है पूरा मामला

वीडियो में पीड़ित की पत्नी रजनी नायक आरक्षक के सामने रुपए रखती दिख रही है और आरक्षक गजपाल जांगड़े खुद उन रुपयों को गिन रहा है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस मामले के सामने आने के बाद पचपेड़ी थाने के टीआई सहित अन्य पुलिसकर्मी भी संदेह के दायरे में आ चुके हैं।

## बड़ी दुर्घटना से बची छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जांच करेगी पांच अफसरों की कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के मड़वारानी स्टेशन में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस बड़ी दुर्घटना होने से बची थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के उच्चाधिकारियों ने पांच सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है, जो 10 दिन के अंदर जांच के उपरांत अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। वहीं आरपीएफ ने भी ठेकेदार के दो कर्मचारियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा रेलवे स्टेशन से सुबह 9.30 बजे छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। मड़वारानी स्टेशन के समीप पहुंचते ही ट्रेन की एक बोगी का पहिया बेपटरी होने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के चालक ने ट्रेन को नियंत्रित करने के बाद सूचना बिलासपुर मंडल के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही रेल अफसर और स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए पहिए में लोहे का एक एंगल फंसा हुआ देखा। एंगल स्टेशन पर चल रहे फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य का था, जिसे लापरवाहीपूर्वक छोड़ दिया गया था। अफसरों के आदेश पर बड़ी मशक्कत के बाद पहिए के नीचे फंसे एंगल को बाहर निकाला गया। इससे एक बड़ी दुर्घटना होने की भी संभावना थी। आरपीएफ



की प्रारंभिक जांच में ठेका कंपनी एसके एंड जेआरटी की लापरवाही उजागर हुई, जिस पर सुपरवाइजर मूलतः झारखंड और वर्तमान कोरबा निवासी परशुराम महतो और मजदूर रामेश्वर निषाद को गिरफ्तार कर बिलासपुर रेलवे कोर्ट में पेश किया गया। वहीं उच्चाधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है, जिनकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 10 दिन का समय

मड़वारानी में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के घटना मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान ठेका कंपनी को दोषी पाया गया है। वहीं अधिकारियों की टीम बना दी गई है, जिनकी रिपोर्ट के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी।

– **अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम रेल मंडल बिलासपुर

### राज्य स्थापना दिवस पर जगमाएंगे शासकीय व निजी भवन 1 से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर जिले के शासकीय भवनों के साथ निजी संस्थाओं में आगामी 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक आकर्षक रोशनी की जाएगी। 25 वर्षों की विकास यात्रा की थीम के अनुरूप भवनों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे प्रदेश की प्रगति एवं उपलब्धियों का संदेश जन-जन तक पहुंचे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों के साथ-साथ निजी संस्थाओं को भी अपने कार्यालय भवनों में रोशनी करने के लिए अनुरोध किया है।

### स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने प्रशिक्षकों से 30 तक आवेदन

**बिलासपुर।** जिले के 217 हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक प्रशिक्षकों से 30 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए है। प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस की होगी। मानदेय प्रति विद्यालय 5 हजार रुपए दिया जाएगा। इच्छुक प्रशिक्षक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन व्यक्तिगत एवं संगठन के माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा माध्यमिक, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र 21 बिलासपुर में 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं।




हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# गजलक्ष्मी योग पर धन्वंतरि भगवान की पूजा आज





दीपोत्सव पर्व की शुरुआत शनिवार को धनतेरस से हो रही है, एक ओर जहां इस दिन नई चीजें खरीदने, गृह प्रवेश, भूमि क्रय-पूजन आदि की परंपरा है। पंडित ने बताया की इस दिन प्रातःकालीन द्वादशी है, लेकिन दोपहर 12.19 बजे से त्रयोदशी लग रही है। ब्रह्म योग, शुक्र प्रधान पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दोपहर 3.41 बजे तक है। इसके बाद उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र है। भौमादित्य योग और बुधादित्य योग व गजलक्ष्मी योग होने से यह धनतेरस अत्यंत शुभ हो गई है।



**बिलासपुर।** पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया की इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से अच्छी सेहत और रोगों से मुक्ति मिलती है। मंदिरों में भगवान धनवंतरि, महालक्ष्मी और कुबेर भगवान की पूजा की जाएगी। सिम्स चौक पर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुबह धन्वंतरि मंत्रोपचार के साथ औषधियों से महालक्ष्मी व नारायण का अभिषेक होगा, इसके बाद विशेष श्रृंगार किया जाएगा। घोंघा बाबा मंदिर में भगवान धनवंतरि, श्याम बाबा, लक्ष्मी माता का पंचामृत व जड़ी-बूटी से अभिषेक होगा। व्यंकटेश मंदिर, हरदेव लाल मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। त्योहारी सीजन को लेकर बाजार में खरीदारी का दौर चल रहा है, धनतेरस को भी शुभ संयोग बन रहा है, जो खरीदारी के लिए शुभ रहेगा।

### 23 तक रहेगा उत्सव

वहीं दूसरी ओर सुख-समृद्धि के साथ स्वस्थ और निरोगी जीवन के लिए भगवान धन्वंतरि की पूजा किए जाने का विधान है। पांच दिनों तक पर्व का उल्लास रहेगा,धनतेरस के बाद 19 को नरक चतुर्दशी, 20 को दिवाली, 21 को कार्तिक अमावस्या, 22 को गोवर्धन पूजा व 23 अक्टूबर को भाई दूज पर दीपोत्सव परा होगा।



### बर्तन, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक बाजार में रहेगी धूम

बर्तन व्यापारियों द्वारा धनतेरस की तैयारी कर ली गई है, स्टील के साथ-साथ ताबें, कांसे आदि के बर्तन हर रेंज और हर साइज के उपलब्ध हैं। इसके अलावा कुछ व्यापारियों द्वारा एक्सचेंज ऑफर भी चलाया जा रहा है। सराफा बाजार भी चमक रहा है, बल्कि यह बाजार अब निवेश में पहली प्राथमिकता बनी है, इसलिए लोग इस शुभ अवसर पर खरीदकर परंपरा भी पूरी कर रहे है। लोगों को उत्साह कम नहीं है। सराफा व्यापारियों ने बताया कि सोने के सिक्कों की पहले से बुकिंग हुई, उसे आज दिया जाएगा। इसके अलावा सिल्वर प्लेटेड आइटम्स मेंड्राई फ्रूट ट्रे, नारियल और कलश, कुबेर कलश सेट आदि की वैरायटी तैयार हैं। इलेक्ट्रानिक बाजार में नए वैरायटियां, लाइट, झूमर आ गए हैं। एसी, फ्रीज, कूलर, डिस वाशर आदि पर ऑफर दिए जा रहे हैं।



शांता फाउंडेशन परिवार ने अरपा नदी पर बने छठ घाट पर रंगोली से शुभ दीपावली लिखकर उसे दीपों की माला से रोशन कर सभी के लिए खुशहाली की कामना की। संस्थापक नीरज गेमनानी ने बताया कि छठ घाट पर दीपोत्सव का यह लगातार सातवां साल है।

एज्युकेशन

## वार्ड ब्वॉय-आया के मॉडल आंसर जारी, 22 तक आपत्ति

**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने वार्ड ब्वॉय व वार्ड आया भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। व्यापम ने यह भर्ती परीक्षा 12 अक्टूबर को आयोजित की थी। परीक्षार्थी 22 अक्टूबर तक व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।



**रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ :** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अंतर्गत रसायनज्ञ के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली इस भर्ती परीक्षा के लिए 16 अक्टूबर से 14 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा 11 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है। पात्रता सहित अन्य जानकारियां व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

आयोजन

## सिम्स में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को दिलाई कैडैवरिक ओथ



**बिलासपुर।** सिम्स में शुक्रवार को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को शव की शपथ दिलाई गई। एनाटॉमी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति एवं शरीर रचना विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शिक्षा जांगड़े एवं डॉ. भूपेंद्र कश्यप की प्रमुख उपस्थिति रही। विभाग के संकाय सदस्य डॉ अमित कुमार, डॉ प्रेमलता येडे, डॉ वीणा मोटवानी एवं डॉ कमलजीत बाशन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने यह शपथ ली कि वे मानव शरीर को अपना प्रथम गुरु मानेंगे। शव के साथ सर्वोच्च सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करेंगे। मृतक एवं उनके परिवार की गोपनीयता का सम्मान करेंगे तथा इस बलिदान से प्राप्त ज्ञान का उपयोग समाज की सेवा एवं मानव कल्याण में करेंगे। कैडेवरिक ओथ को चिकित्सा शिक्षा का पहला नैतिक संस्कार माना जाता है। यह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मन में संवेदना, आभार और चिकित्सकीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का अवसर होता है। मानव शरीर का अध्ययन चिकित्सकीय दक्षता की बुनियाद है, और यही कारण है कि शव को 'साइलेंट टीचर' या 'मौन गुरु' के रूप में सम्मान दिया जाता है। अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक चिकित्सक का पहला शिक्षक कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि मानव शरीर होता है। जो शरीर अपना अस्तित्व त्यागकर ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता है, उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता अनिवार्य है। विभागाध्यक्ष डॉ. शिक्षा जांगड़े ने कहा कि कैडेवरिक ओथ केवल शिक्षा की शुरुआत नहीं, बल्कि उस अदृश्य योगदान के प्रति आभार है जो विद्यार्थियों को कुशल चिकित्सक बनाने में सहायक होता है। यह शपथ उन्हें चिकित्सा व्यवसाय की गरिमा, नैतिकता और करुणा की याद दिलाती है। विद्यार्थियों ने कहा कि यह पहला अवसर है जब उन्हें समझ आया कि चिकित्सा शिक्षा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों से जुड़ी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों ने शव दान करने वाले महादानी परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मौन श्रद्धांजलि भी दी। एनाटॉमी विभाग की पहल कार्यक्रम के हिस्से के रूप में बॉडी डोनेशन प्रक्रिया,शव संरक्षण,मेडिकल एथिक्स एवं गोपनीयता,विषयों पर जानकारी दी गई।

कार्यक्रम

## मिट्टी की खुशबू में बसी भारतीय संस्कृति, प्रकृति का संदेश



**बिलासपुर।** प्रकाश, प्रेम और परंपरा का पर्व दीपावली इस बार डीपी विप्र महाविद्यालय के परिसर में एक नई चेतना लेकर आई। जहाँ एक ओर लोग चमक-धमक और कृत्रिम रोशनी के पीछे दौड़ते हैं, वहीं महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया इको-फ्रेंडली मिट्टी दीया निर्माण और वितरण अभियान। यह पहल विप्र टीबीआई फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य था प्रकृति के साथ दीपावली का संदेश जन-जन तक पहुँचाना। इस आयोजन में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने हाथों से प्रेम, मेहनत और संवेदना के साथ मिट्टी के सुंदर दीये बनाए, उन्हें सजाया, रंगा, और फिर उन्हें समाज के लोगों तक पहुँचाया। हर दीया केवल मिट्टी का दीपक नहीं था वह एक भावना, समर्पण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था प्लास्टिक, रासायनिक रंगों और बिजली की अत्यधिक खपत से दूर रहकर प्रकृति संगत, स्वदेशी और पर्यावरण हितैषी त्योहार मनाने की परंपरा को पुनर्जीवित करना। मिट्टी के दीएं हमारे भारतीय संस्कृति की जड़ हैं, जहाँ हर दीये की लौ में केवल रोशनी नहीं, बल्कि संस्कार और सद्भावना की चमक होती है। इस कार्यक्रम में डॉ अंजू शुक्ला, डॉ मनीष तिवारी, डॉ एमएस तंबोली, अविनाश सेठी, डॉ आभा तिवारी,डॉ किरण दुबे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो यूपेश कुमार, डॉ आशीष शर्मा, प्रो निधिश चौबे, शैलेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

## डीपीएस में अंतर सदनीय 'इंगलिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता से बच्चों ने मोहा मन



**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा अंतर सदनीय' इंगलिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें नैतिक कहानियाँ शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधि कराने से छात्र - छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। बच्चों ने अनेक शिक्षाप्रद कहानियाँ प्रस्तुत किए, कुछ बच्चें पंचतंत्र की कहानियाँ प्रस्तुत किए तो कुछ बच्चे आधुनिक किताबों से कहानी तैयारी किए। अपनी भव्य प्रस्तुति से कला की छटा बिखेर दी। उनके द्वारा सुनाई गई कहानियों ने सबका मन मोह लिया। बच्चों के भाव - भंगीमा के साथ प्रस्तुति देखकर सब आनंदित हो उठे। जिसमे निर्णय की भूमिंका मे अलपना मजूमदार एवं रिचा मल्होत्रा थीं। बचपन चमत्कार, जादू, रंग और कल्पना से भरा होता है। इसे ध्यान में रखते हुए डीपीएस में कक्षा पहली के विद्यार्थियों के लिए इंगलिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इंगलिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में बच्चों की रही।

शाला के प्राचार्य महोदय जशपाल सिंह मथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ने छात्र-छात्राओं की शुभकामनाएँ प्रदान दी।

## मुस्कान बाँटो, खुशियाँ फैलाओ



**बिलासपुर।** बचपन अचीवर्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने जरूरतमंद बच्चों के लिए कपड़े, जूते, खिलौने, चॉकलेट, जूस और पैसे दान किए हैं। जिन बच्चों को सामान वितरित किया जा रहा था, किसी के चेहरे पर मुस्कान लाना, किसी की मदद करना सबसे बड़ी इंसानियत है। यह पहल बच्चों में करुणा, सहानुभूति और सेवा भाव का जगाता है। हर छोटा योगदान किसी के चेहरे पर मुस्कान लाता है। हम अपने नन्हे दानवीरों पर गर्व करते हैं जो समाज में प्रेम और मानवता का संदेश फैला रहे हैं। ऐसे प्रयासों से हमारे बच्चे 'देने की खुशी' का महत्व समझते हैं। यह कार्य उन्हें जिम्मेदार और एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। हमारा उद्देश्य सिर्फ किताबें नहीं, बल्कि इंसानियत सिखाना है। यह दान अभियान बच्चों में सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करता है।

स्पोर्टर्स न्यूज

राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

## बिलासपुर संभाग की टीम ओवरआल चैंपियन

**बिलासपुर।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग की टीम ओवर आल चैम्पियन बनी। परन्तु दीपावली के कारण प्रतियोगिता तीन दिन में समाप्त कर दी गई और खिलाड़ी अपने-अपने जिले की ओर रवाना हो गए।

जिला प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 25वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में इस वर्ष बिलासपुर जिले को कबड्डी, बेसबॉल एवं कराते की प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी मिली थी। इसमें बेसबॉल पुलिस ग्राउंड एवं छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राउंड में, कबड्डी पिंक स्टेडियम में, कराते बालक वर्ग का आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलक नगर व बालिका वर्ग का सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। बालक एवं बालिका के सभी वर्गों में 6 गोल्ड मेडल पर बिलासपुर संभाग ने कब्जा जमाया है। शिक्षा विभाग से मिले परिणाम की जानकारी के अनुसार बेसबॉल अंतिम परिणाम 14 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय बस्तर 14 वर्ष बालिका प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग, 17 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय बस्तर, 17 वर्ष बालिका प्रथम बिलासपुर, द्वितीय बस्तर, तृतीय दुर्ग, 19 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय बस्तर, 19 वर्ष बालिका प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय बस्तर रहा। कराते 35 किग्रा में अंश श्रीवास रायपुर प्रथम, आशीष केरकेट्टा सरगुजा द्वितीय, तिलक कश्यप बस्तर तृतीय। 40 किग्रा में साहिल दास बिलासपुर प्रथम, रोशन साव दुर्ग द्वितीय, वेद सेंडे दुर्ग तृतीय, 45 किग्रा में गौरव मौर्य बिलासपुर प्रथम, मोहन तेलम बस्तर द्वितीय, 50 किग्रा में कौशलेंद्र बिलासपुर प्रथम, विभोर मानिकपुरी दुर्ग द्वितीय, हर्ष बाग रायपुर तृतीय, 54 किग्रा में सुयश सिक्का रायपुर प्रथम, पृथ्वीराज चौहान बिलासपुर द्वितीय, अजीत बस्तर तृतीय, 58 किग्रा में अंश मौर्य बिलासपुर प्रथम, पेखराज दुर्ग द्वितीय, सौरभ कुमार रायपुर तृतीय, 62 किग्रा में महफूज अली बिलासपुर प्रथम, प्रवीण दुर्ग द्वितीय, नागेंद्र बस्तर तृतीय, 66 किग्रा में आदित्य प्रताप बिलासपुर प्रथम रहे।



### कबड्डी में बिलासपुर को मिले चार गोल्ड

इसी तरह कबड्डी में बिलासपुर संभाग ने 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए सभी वर्ग में संभाग का परचम लहराया है। परिणाम 17 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर संभाग, द्वितीय रायपुर संभाग, तृतीय दुर्ग संभाग, चतुर्थ बस्तर, पंचम सरगुजा, 14 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर, चतुर्थ दुर्ग, पंचम सरगुजा, प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय बस्तर, चतुर्थ रायपुर, पंचम सरगुजा, 14 वर्ष बालिका प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय बस्तर, चतुर्थ रायपुर, पंचम सरगुजा रहा।

## अवीरा ने स्केटिंग में जीते 2 काँस्य पदक

18 वें स्टेट, रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप रायपुर केपीएस स्कूल में आयोजित की गई। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता क्वाड एवं इनलाइन दोनों में संपन्न हुई,इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु समूह के लड़के एवं लड़कियों ने अपना जौहर दिखाया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिलासपुर से भी अनेकों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।




शिक्षक अवधेश विमल की सुपुत्री अवीरा विमल जो लिटिल किड्स वर्ल्ड स्कूल, सरकंडा में कक्षा 1ली मे अध्यनरत है। अवीरा विमल ने राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में 6 से 8 वर्ष के क्वाड ग्रुप में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 लैप एवं 2 लैप की दौड़ में काँस्य पदक अर्जित किया। पिछले महीने सितम्बर में पिंक ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतिस्पर्धा में अपने आयु समूह की दोनों रेस जीतकर 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। अवीरा का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक जीतना है, अवीरा अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, विद्यालय एवं कोच को दिया है।


इलेक्ट्रानिक्स बर्ड
शादी की बुकिंग इसी ऑफर में करवा सकते हैं
MEGA FESTIVE OFFER
JEETO लाखों KE इनाम
धनतेरस की हार्दिक बधाई
1st
जीतों 101 इनाम
2nd
निश्चित उपहार
Free Neckband | Apple airpods | Ultra smart watch | Trimmer
75" 120Hz
Led Qled Gaming TV 64990/-
43" + 32" Smart LED TV
एक के दाम में दो एलईडी
Combo Offer Price 16,990/-
2 ton Ac 3 Star Inverter
मात्र 34990/- में
Chimney 90 cm Auto Clean
मात्र 11990/- में
Indiction
मात्र 1490/- में
10 litter Geyser
मात्र 3490/- में
32"
Xiomi Led TV
मात्र 9990/- में
Zebronics Soundbar
मात्र 1999/- में
Amstrad Ac
मात्र 23990/- में
Bajaj Mixer Grinder 3 Jar
मात्र 1899/- में
KENT R.O.
मात्र 9990 /- में
7 kg Washing Machine
मात्र 7590/- में
Air Fryer Digital 4.2 Litter
मात्र 2999/- में
Smart Watch
मात्र 499/- में
Trimmer
मात्र 199/- में
Airpods
मात्र 499/- में
Neckband
मात्र 199/- में
Party Speaker with mic
मात्र 1990/- में
*T&C Apply
EMI स्कीम
43" LED TV
590/- EMI
65" LED TV
2490/- EMI
Washing Machine
890/- EMI
Dishwasher
1922/- EMI
Fridge
2490/- EMI
AC
1922/- EMI
Deep freezer
16990/-
Visi cooler
1999/- EMI
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
IDFC FIRST Bank
Upto 10,500/- CASH BACK
•सिर्फ आधार कार्ड से 3 मिनट में फायनेंस •सभी ब्रांडेड कंपनियों के इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट उपलब्ध •5 0 कि.मी. तक फाइनेंस सुविधा
24 MONTH EASY EMI
0% DOWN PAYMENT & INTEREST
3 FREE SERVICE ON AC
SAME DAY INSTALLATION FREE
LIMITED STOCK HURRY!
*ऑफर पेपर कटिंग लाने पर
CREDIT CARD DEBIT CARD CASH BACK 15% (SELECTED CARD)
SAMSUNG LG BLUE STAR VOLTAS IFB AMSTRAD Whirlpool HAVELLS KENT Caps hindware Aquaguard GENERAL BAJAJ USHA TCL HITACHI Pigeon JBL ZEBRONICS boAt LLOYD
इलेक्ट्रानिक्स बर्ड
Biggest Multi Brand Electronic & Computer Showroom
ब्रांच 1 : मनोहर टॉकीज के सामने, मेन रोड, जूना बिलासपुर
ब्रांच 2 : श्री प्लाजा के सामने, अशोक नगर चौक, सरकंडा, बिलासपुर
9300989790
7725031312
NEXT

# अशोका ऑटो में खरीदी पर कलर टीवी व लकी ड्रा उपहार



**बिलासपुर।** मेन रोड जूना बिलासपुर एवं व्यापार विहार मेन रोड भारतीय नगर चौंक के पास स्थित अशोका ऑटो अपने प्रिय ग्राहकों के लिए इस त्यौहार लेकर आया है कई उपहार।

अशोका ऑटो जो बैक्सी इलेक्ट्रिक रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक ऑटो के अधिकृत डीलर हैं। इसके स्थानीय विक्रेता ने बताया कि इस त्यौहार संस्थान द्वारा अपने ग्राहकों के लिए अशोका ऑटो लेकर आया है। प्रत्येक वाहन की खरीदी पर हर ग्राहक के लिए 32 इंच कलर टीवी दिया जा रहा है। साथ ही लकी ड्रा कूपन के माध्यम से इलेट्रिक स्कूटर, फ्रीज, वाशिंग मशीन, मिक्सी एवं म्यूजिक सिस्टम जीतने का मौका भी है। आज ही अपना वाहन खरीदने के लिए हमारे शोरूम पर आए और अपनी मन पसंद आटो घर ले जाए। उन्होंने बताय कि यहां ग्राहकों को इसका काफी अच्छा रिस्पांस हमें मिल रहा है। आगामी पर्व को देखते हुए अशोक आटो अपने ग्राहकों के लिए कई तरह के उपहार योजना लकी ड्रा के माध्यम से लेकर आया है।

# केपी इंटरप्राइजेस में आधुनिक और स्टाईलिश फर्नीचर



**बिलासपुर।** ग्रीन पार्क कालोनी के पास जरहाभाठा केपी इंटरप्राइजेस में धनतेरस व दीपावली को देखते हुए आधुनिक एवं स्टाइलिश फर्नीचर का भव्य शो रूम खोला गया है।

इसके संचालक ने बताया कि यहां बेडरूम सेट, बेड सोफा सेट टी टेबल, एलईडी शो केस अलमीरा बोर्ड, स्टील, डायनिंग टेबल, आफिस फर्नीचर उच्च क्वालिटी के और कम दाम पर उपल्ब्ध है। इसके अलावा यहां रखे फर्नीचर सागौन से निर्मित डायनिंग टेबल का अनूठा संग्रह है। साथ ही धमकाकेदार आफर सभी फर्नीचर पर 40 प्रतिशत प्लस 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट है। कन्या विवाह के लिए खरीदी पर 2 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट है। संचालक ने बताया कि हमारे यहां क्वालिटी में कोई समझौता नहीं किया जाता। घर पहुंच सेवा, विक्रय उपरांत सेवा, 12 माह की सर्विस वारंटी दी जा रही है। इसका हमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।






















## खबर संक्षेप

### डा. सीवी रमन विवि ने दी डॉ. स्नेहलता को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, कोटा बिलासपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में आज स्नेहलता चन्द्रा को शिक्षा विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध विषय "हायर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों में एच.आई.वी./एड्स के प्रति धारणा एवं दृष्टिकोण का एक अध्ययन" रहा। जिसे विश्वविद्यालय ने वर्ष 2019 में स्वीकृत किया था। यह शोध हायर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों में एचआईवी/एड्स के प्रति दृष्टिकोण और जागरूकता से संबंधित है, जो समाज और शिक्षा दोनों ही क्षेत्रों में उपयोगी योगदान है। डॉ. चन्द्रा को यह उपाधि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. चन्द्रा सेजस हायर सेकेंडरी विद्यालय सरगांव में प्रभारी प्राचार्य हैं।

### जयश्री कौशिक को मिली रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में जयश्री कौशिक को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रो. नमिता भारद्वाज के निर्देशन में पूरा किया। इनके शोध का विषय काम्पेक्ससेसन नैनोसियेसिस एण्ड कैरेक्टेरारजेशन आफ एण्टीहारपेटेन्सिव ड्रग्स था। वे जेएल कौशिक एवं अंजली कौशिक की पुत्री हैं।

### जीडीसी के खेल अधिकारी पवार को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** जांजगीर चांपा जिले निवासी कबड्डी खिलाड़ी नवागढ़ निवासी बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज बिलासपुर के क्रीड़ाधिकारी सुरेश सिंह पवार को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान डा.सीवी रमन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रेमन डेका, केन्द्रीय मंत्री तोखन लाल साहू, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में दिया गया।

### एयरपोर्ट: एम्बुलेंस सेवा का लोकार्पण

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केवंट एयरपोर्ट चकरभाठा के लिए अलग से (डेडीकेटेड) एम्बुलेंस मुहैया कराया गया है। ये वहां विमानतल पर चौबीसों घंटे तैनात रहेगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर वाहन की चाबी एयरपोर्ट प्राधिकारी को सौंपी। डीएमएफ मद से इसकी खरीदी की गई है। अब तक बिल्हा सामुदायिक अस्पताल की एंबुलेंस का उपयोग किया जा रहा था। पृथक एम्बुलेंस मिलसे तत्काल किसी भी आपात स्थिति में अविलंब उपयोग किया जा सकेगा। इस अवसर पर निगम आयुक्त अमित कुमार, सीएमएचओ डॉक्टर शुभा गरेवाल सहित स्वास्थ्य और एयरपोर्ट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में द्वितीय दीक्षांत समारोह

# हम ये सोचें कि समाज को क्या दे सकते हैं : राज्यपाल




डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष रमेन डेका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष रमेन डेका ने 189 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 195 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी। इसी तरह मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, मंत्री टंक राम वर्मा, बेतलरा विधायक सुशांत शुक्ला, डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आईसेक्ट ग्रुप, प्रोफेसर राजीव प्रकाश थे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राज्यपाल रमेन डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि हम सभी हमेशा यह सोचते हैं कि समाज ने हमारे लिए क्या किया। देश ने हमारे लिए क्या किया, जबकि सच यह है, कि अब हमें समाज को देने का समय है। हमें इस विषय पर सोचना चाहिए कि हम समाज को क्या दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे बड़े विश्वविद्यालय में से एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में यह लिखा हुआ है कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है। अब आप समाज को देने के बारे में सोचिए। उन्होंने कहा कि आपका सपना कितना भी बड़ा हो, वह मेहनत से ही साकार होगा। विद्यार्थी कभी यह न सोचे कि हम छोटे बैकग्राउंड से आए हैं या हम अभाव से जीवन जी रहे हैं। कड़ी मेहनत से सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि शोध और नवाचार के लिए कभी भी भाषा बाधा नहीं बनी है। हम ऐसा सोचते हैं कि अंग्रेजी भाषा ज्ञान का प्रतीक है, लेकिन ऐसा नहीं है हमें इस सोच को अपने दिमाग से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन के साथ पूरे जीवन में समय प्रबंधन जरूरी है। यदि हम समय के अनुशासन के साथ जीवन जिएं तो सफलता निश्चित है।

आज हम तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग में आगे बढ़ रहे हैं। सच बात यह है, कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपके जीवन शैली में मददगार हो सकता है। लेकिन यह ज्ञान और मानवता में कभी भी आपका मार्गदर्शन नहीं कर सकता। यह कभी भी संवेदनशील नहीं हो सकता।



विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते राज्यपाल।

### विवि में संस्कारों का अद्भुत समन्वय : टंकराम

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि यह न केवल विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य और पूरे देश के लिए उपलब्धि का दिन है, क्योंकि आज हम शिक्षा के उस मंदिर में खड़े हैं जहाँ ज्ञान, अनुसंधान, कौशल और संस्कारों का अद्भुत समन्वय होता है। डॉ. सीवी. रमन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य वक्ता आईआईटी भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, विचार और राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चैबे, आयोजक निकाय के सचिव डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष, कुलपति रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय रवि प्रकाश दुबे, हजारीबाग विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रमोद कुमार नायक, आईसेक्ट विवि ग्रुप की कुल सचिव डॉ पुष्पा असिवाल, आईसेक्ट दिल्ली मुख्यालय के प्रमुख अभिषेक पंडित, सम कुलपति गौरव शुक्ला, डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मसात करें : चौबे

इस अवसर विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे ने पौराणिक श्लोक को याद करते हुए कहा कि विद्या बुद्धिमान और सज्जन व्यक्ति के लिए दान का विषय है, परोपकार का विषय है। इस दुनिया में खुशहाली लाने का विषय है। लेकिन खल या जड़ लोगों के लिए विद्या दूसरों को कष्ट पहुंचाने का विषय है। परेशान करने का विषय है। छत्तीसगढ़ राज्य आज जब अपनी रजत जयंती वर्ष मना रहा है। ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह प्रदेश पहला निजी विश्वविद्यालय है। जिसकी स्थापना वर्ष 2006 में की गई थी।

### विकसित भारत का निर्माण करें युवा : तोखन

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल उपाधि प्रदान करने की परंपरा नहीं, बल्कि यह उस यात्रा का उत्सव है, जिसमें परिश्रम, अनुशासन, संघर्ष और ज्ञान का समन्वय शामिल है। आप सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। आज उच्च शिक्षा एक नए युग में प्रवेश कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारतीय शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप ढालने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह नीति केवल पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है, एक ऐसा विज़न जो शिक्षा को सृजनात्मक, समावेशी, बहुआयामी और भविष्य उन्मुख बनाने की दिशा दिखाता है।

# दीपावली पूर्व अक्टूबर माह का पेंशन भुगतान करने की मांग

**बिलासपुर।** राज्य शासन के पेंशनरों को सेवारत कर्मचारियों के समान दीपावली पूर्व अक्टूबर माह का पेंशन भुगतान करने की मांग छत्तीसगढ़ अधिकारी - कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने की है।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने राज्य शासन के दोहरे मापदंड पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के पेंशनर्स को 3 प्रतिशत लंबित महंगाई राहत का भुगतान भी नहीं किया गया है, जबकि केंद्र शासन के पेंशनरों को भुगतान किया जा चुका है । आज शासन ने दो प्रतिशत महंगाई राहत का भुगतान आदेश जारी किया है। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम मेल से ज्ञापन प्रेषित करते हुए अनुरोध किया है कि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर कर्मचारियों के समान वरिष्ठ नागरिकों को लंबित 3 % महंगाई राहत एवं अक्टूबर माह का पेंशन भुगतान करने वित्त विभाग को निर्देश देकर प्रदेश के डेढ़ लाख पेंशनर्स एवं परिवार पेंशनर्स को राहत प्रदान करें।

# 16 नई सहकारी समितियों का गठन, मिलेंगी सारी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में गठित 114 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का पुनर्गठन करते हुए 16 नई समितियों का गठन किया गया है। समितियों के पुनर्गठन में जिले के सभी विकासखंडों को शामिल करते हुए सामंजस्य बनाने का प्रयास किया गया है। नवगठित समितियों के किसान अब खाद-बीज व केसीसी लोन की प्राप्ति अपने गांव से ही कर सकेंगे।

- **सहकार से समृद्धि योजना का किसानों को मिल रहा लाभ**

भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना सहकार से समृद्धि के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की पुनर्गठन योजना के अंतर्गत 114 वर्तमान समितियों में से 15 समितियों का पुनर्गठन कर 16 नवीन सहकारी समितियों का गठन किया गया है। समितियों के गठन का मुख्य उद्देश्य किसानों को निवासरत ग्राम से कम से कम दूरी में केसीसी ऋण अंतर्गत नकद, खाद, बीज, उपभोक्ता सामाग्री वितरण की सुविधा उपलब्ध कराना है। उक्त समितियों का पंजीयन कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला बिलासपुर द्वारा किया गया है।

### इन स्थानों पर किया गया नई समितियों का गठन

बिल्हा- अकलतरी, बेलतरा, चुमकवां
तखतपुर- लमेर, कोड़ापुरी, पड़रिया
मस्तुरी- सरसेनी, शिव टिकारी, सुकुलकारी, जलसो, धनगवॉ
कोटा-अमाली, कोडापुर, पोंड़ी, पचरा, दारसागर

सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन किया गया है, ताकि वे तकनीकी रूप से सक्षम होकर अपने सदस्यों को त्वरित रूप से सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। सुविधाओं में केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र अंतर्गत जैविक दवाओं का वितरण, कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से बिजली बिल आदि सुविधाएं मिलेंगी।

### लंबे समय से चल रही थी प्रक्रिया

समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया विगत लंबे समय से चल रही थी। शासन द्वारा अब स्वीकृति जारी की गई है। जिन स्थानों पर नई समितियों का गठन किया गया है, वहां के किसान अब स्थानीय स्तर पर ही न केवल कृषि, बल्कि अन्य सारी सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे।

-चंद्रशेखर जायसवाल
उपायुक्त, सहकारिता विभाग




SAMSUNG
100 QN80F
98 DU9000
GST
Go Save Today
19 YEARS
Global No.1 TV
SUPER BIG CELEBRATIONS
with Samsung Vision AI
इस दिवाली, हमारे बड़े ऑफर्स और बड़ी स्क्रीन के साथ
अपना जश्न और भी शानदार बनाएं.
12th Sep - 31st Oct '25
AI
Awesome India Offers*
मुफ्त* साउंडबार ₹ 92990 मूल्य का (1 यूनिट)
3 साल की वारंटी+
0 डाउन पेमेंट
सबसे कम EMI ₹ 990~ से शुरू 30 महीने^ तक
20% + 10% तक का कैशबैक# अतिरिक्त कैशबैक Samsung Axis Bank क्रेडिट कार्ड^^ पर
Neo QLED
100QN80F
Get QLED TV (75Q8F) worth ₹ 167990 (1 unit)
MRP ₹ 1336600
Special promo price ₹ 644990 (1 Unit)
Crystal UHD
75U8000F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 115100
Special promo price ₹ 91990 (1 Unit)
OLED
65S90F
Get up to 10% cashback#
MRP ₹ 230300
Special promo price ₹ 177390 (1 Unit)
QLED
65Q8F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 136300
Special promo price ₹ 100890 (1 Unit)
OLED
55S90F
Get Smart TV (32H4560) worth ₹ 15990 (1 unit)
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 179600
Special promo price ₹ 137990 (1 Unit)
QLED
55Q7F
Get up to 7.5% cashback#
MRP ₹ 81000
Special promo price ₹ 58890 (1 Unit)
Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 1800 5 7267864 for information on e-waste/plastic waste pick up.
Image simulated for representational purposes only. Results are not an endorsement of Samsung. Products sold separately. TV stand shown is for representational purpose only. Actual product may vary. Viewing experience may vary according to types of content and format. T&C apply. *Price stated above is for 1 unit and inclusive of all taxes. Stated offer is applicable on select TVs. Offer may be revised/withdrawn without prior notice. '3 year warranty (1 year standard warranty + 2 year additional Comprehensive Warranty) on selected TV models. ~EMI offer applicable on 1 m 38 cm and above TV with MSME scheme with Bajaj Finance. ^EMI tenure of 30 months is applicable on Neo QLED/ OLED/ 2 m 47 cm + TVs. EMI at the sole discretion of the financiers. Financier's terms & conditions shall apply. Samsung disclaims any liabilities with the same. #Cashback at sole discretion of Bank/NBFCs and subject to maximum capping limit. Samsung disclaims all claims and losses arising out of it. ^^10% cashback applicable as per limits: Infinite variant: ₹ 5000 monthly, ₹ 20000 annually, Signature variant: ₹ 2500 monthly, ₹ 10000 annually. Prices stated above are inclusive of all taxes. Samsung promotes responsible use of AI features. A Samsung account login may be required to access some or certain features of AI. For more details, visit https://www.samsung.com/in
samsung.com
Scan to know more
अमित सेल्स
श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर | 88188 00071
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर | जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर
Cheil-28839/25

# नर्सरी स्कूलों की मान्यता और संचालन के लिए बनेगी नई नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नर्सरी स्कूलों की मान्यता और संचालन के लिए राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से 6 सप्ताह का समय मांगा है। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि वह नई शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा नीति 2013 के अनुरूप निजी नर्सरी प्ले स्कूलों के लिए नियामक दिशा-निर्देश तैयार करने पर काम कर रही है।

यह नीति 13 अगस्त 2025 को छत्तीसगढ़ के एक मामले में हाईकोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई थी कि 330 से अधिक नर्सरी स्कूल बिना मान्यता के चल रहे थे। सुनवाई के दौरान सरकार ने हाईकोर्ट को सूचित किया कि वह निजी प्ले स्कूलों के लिए नियामक दिशा-निर्देशों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। यह दिशा-निर्देश नई शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा नीति 2013 के अनुरूप होंगे।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि आरटीई एक्ट 2009 के तहत नर्सरी स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य नहीं है। गौरतलब है कि यह प्रगति अगस्त 2025 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद हुई है, जिसमें हाईकोर्ट ने सरकार की खिंचाई की थी, क्योंकि राज्य में 330 से अधिक नर्सरी स्कूल बिना मान्यता के संचालित हो रहे थे।



**हाईकोर्ट ने सरकार को 6 सप्ताह का समय दिया**

- नई शिक्षा नीति 2020, शिक्षा नीति 2013 के अनुरूप दिशा-निर्देश बनाए जा रहें
- सरकार की ओर से कहा गया कि आरटीई एक्ट 2009 के तहत नर्सरी स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य नहीं

### नए नियम बनाकर पिछली तिथि से लागू करना गलत

कांग्रेस नेता विकास तिवारी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने स्पष्ट किया कि 2013 से लागू नर्सरी स्कूलों की मान्यता संबंधी नियमों को नजरअंदाज कर नए नियम बनाकर पिछली तिथि से लागू नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि जब 2013 से मान्यता की अनिवार्यता थी, तब 12 वर्षों तक बिना अनुमति स्कूल कैसे चलते रहे। चीफ जस्टिस ने कहा कि, आपने 25 जुलाई को कमेटी बनाई और दो दिन में रिपोर्ट भी आ गई। यह पूरी प्रक्रिया केवल बड़े स्कूल संचालकों को बचाने के लिए की गई है। कोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा छत्तीसगढ़ एक विकासशील राज्य है, यहां शिक्षा विभाग के लापरवाह अधिकारियों के कारण गरीब बच्चों को उनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं।

### अपने ही जवाब में फंस गई राज्य सरकार

ध्यान रहे कि शिक्षा विभाग ने अपने शपथ पत्र में यह दावा किया था कि नर्सरी स्कूलों को मान्यता देने का कोई प्रावधान नहीं है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे ने 2013 के सर्कुलर का हवाला देते हुए इस दावे को झूठा बताया। यह सुनते ही कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि, जब बड़े स्कूल संचालकों पर कार्रवाई का समय आया, आपने नियम ही बदल डाले। नियम बदल कर बड़े लोगों को बचाया जा रहा है। हर रोज सुबह उठिए तो एक नया स्कैम नजर आता है। आखिर कब तक चलेगा यह सिलसिला। कोर्ट ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने देंगे।

## निधन

### गायत्री शुक्ला



बिलासपुर। सरजू बगीचा मसानगंज निवासी गायत्री शुक्ला का 17 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे हर्मेंद्र शुक्ला एवं राजेंद्र शुक्ला की माता थीं।

### काजी मुबीनुद्दीन अंसारी



बिलासपुर। ईदगाह चौक मिशन हास्पिटल के सामने रहने वाले काजी मुबीनुद्दीन अंसारी (राजू) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार खामोशगंज कब्रिस्तान में किया गया। वे काजी मसीहुद्दीन अंसारी के पुत्र व मुजीब अंसारी, एजाज अंसारी के बड़े भाई तथा फहद अंसारी के पिता थे।

### रीना मुखर्जी



बिलासपुर। भारतीय नगर निवासी रीना मुखर्जी का आज दोपहर को निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 11 बजे भारतीय नगर मुक्ति धाम में होगा। वे चंदना गोस्वामी एवं रुद्र प्रसाद मुखर्जी की माता थीं।

### डा. नरसिंह प्रसाद पांडेय



बिलासपुर। कनकी कोरबा निवासी डा. नरसिंह प्रसाद पांडेय का निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 17 अक्टूबर को कनकी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. पं विनोद पांडेय, स्व. प्रमोद पांडेय एवं केशव पांडेय के पिता थे।

### बिसाहिन बाई मरकाम



तखतपुर। वार्ड 1 चुलघट रोड निवासी बिसाहिन बाई मरकाम का 85 वर्ष की आयु में 17 सितंबर को निधन हो गया। वे भानू मरकाम की बड़ी मां, हेमलाल ध्रुव की सास, पुष्पा ध्रुव की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## पुत्र जीवित है तो मृत पिता की संपत्ति की उत्तराधिकारी नहीं हो सकती पुत्री

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा कि पुत्र जीवित है तो पुत्री मृत पिता की संपत्ति की उत्तराधिकारी नहीं हो सकती। यदि पिता की मृत्यु हिंदू उत्तराधिकार नियम 1956 लागू होने के पहले हुई हो। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि पुत्र की अनुपस्थिति में पुत्री ऐसी संपत्ति पर अपना अधिकार जता सकती है। कोर्ट ने कहा- यह विधिक स्थिति सर्वविदित है कि हिंदू मिताक्षरा कानून के अंतर्गत, पुरुष की स्व-अर्जित संपत्ति भी केवल उसके पुरुष वंशज को हस्तांतरित होती है। पुरुष वंशज के अभाव में ही वह अन्य उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित होती है। उत्तराधिकार कानून के अनुसार, पुरुष की स्व-अर्जित संपत्ति उसके पुरुष वंशज को हस्तांतरित होती है और केवल पुरुष वंशज के अभाव में ही वह अन्य उत्तराधिकारियों को हस्तांतरित होती है। सरगुजा जिले के इस मामले में निचले कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में द्वितीय अपील प्रस्तुत की गई। पीठ ने अपील स्वीकार कर ली। कोर्ट के समक्ष प्रमुख प्रश्न यह था कि यदि विभाजन 1956 से पहले हुआ हो तो अपीलकर्ता को उत्तराधिकारी के रूप में संपत्ति प्राप्त करने का अधिकार होगा या नहीं। शिकायत का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने रेखांकित किया कि याचिका में अपीलकर्ता के पिता की मृत्यु के वर्ष का कहीं भी उल्लेख नहीं है। हालांकि प्रतिवादी ने अपने लिखित बयान में स्पष्ट रूप से यह दलील दी कि अपीलकर्ता के पिता का निधन वर्ष 1950-51 में हुआ था। कोर्ट ने पाया कि अपीलकर्ता ने इस दलील का विरोध नहीं किया। इसके अतिरिक्त, एक गवाह की गवाही पर भी भरोसा किया गया, जिसने कहा था कि अपीलकर्ता के पिता की मृत्यु साठ वर्ष पहले हो गई थी।

## फार्मेसी कालेजों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, 60 सीटों में दे सकेंगे एडमिशन

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों को बड़ी राहत देते हुए डी.फार्मा और बी.फार्मा कोर्स में 60 सीटों पर एडमिशन की अनुमति दे दी है। यह आदेश शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए लागू रहेगा। हाईकोर्ट ने कहा है कि कॉलेजों को अपने संस्थानों की खामियों को छह महीने के भीतर दूर करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर आदेश निरस्त हो जाएगा।

दरअसल, प्रदेश के 8 फार्मेसी कॉलेजों ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के 3 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की थी। इस आदेश के तहत यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों की सीटें घटाकर 60 से 30 कर दी थीं। फार्मेसी काउंसिल ने 60 सीटों पर एडमिशन की अनुमति दी थी। कॉलेजों का कहना था कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने पहले ही 60 सीटों की मंजूरी दी है, और विश्वविद्यालय को इसे घटाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने विश्वविद्यालय के निर्णय को मनमाना और अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया।

### कालेजों में मिलीं थी कई खामियां

तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि 1 अक्टूबर को कार्य परिषद की 134वीं बैठक में निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लिया गया था। निरीक्षण में कई कॉलेजों में प्रिंसिपल और फैकल्टी की कमी जैसी खामियां पाई गई थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कॉलेजों को राहत देते हुए कहा कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की अधिसूचना के अनुसार फिलहाल 60 सीटें ही स्वीकृत रहेंगी। कॉलेज इन सीटों पर 2025-26 सत्र के लिए काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा कि छह महीने में सभी खामियां दूर नहीं की गई, तो यह आदेश स्वतः निरस्त हो जाएगा और विश्वविद्यालय को कार्रवाई का पूरा अधिकार होगा।

## टीबी मरीजों को मिलेगा नियमित पोषण आहार

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन बिलासपुर और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य जिले के टीबी मरीजों को नियमित पोषण आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना और टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करना है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी तथा एसईसीएल की ओर से महाप्रबंधक श्री वर्मा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि "टीबी उन्मूलन के लिए सरकारी प्रयासों के साथ निजी संस्थानों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। एसईसीएल द्वारा किया गया यह योगदान सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत बिलासपुर जिले के लगभग 2500 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार सहायता प्रदान की जाएगी। एसईसीएल के सीएसआर महाप्रबंधक श्री वर्मा ने बताया कि कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के अंतर्गत स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रही है।



## मत्स्य पालन बना ग्रामीण समृद्धि की नई पहचान

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव 2025 का यह विशेष वर्ष, प्रदेश के समग्र विकास की गौरवशाली गाथा को रेखांकित करता है। इन 25 वर्षों में प्रदेश के सभी विभागों ने जनकल्याण और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। इनमें बिलासपुर जिला का मत्स्य पालन विभाग एक ऐसी मिसाल बनकर उभरा है, जिसने जल संसाधनों के माध्यम से गांव-गांव में आजीविका, आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्थिरता की मजबूत नींव रखी। वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, उस समय बिलासपुर जिले में मछली पालन मुख्यतः पारंपरिक विधियों तक सीमित था। ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन एक सहायक आजीविका के रूप में देखा जाता था। केवल 3 हजार 333 तालाब मछली पालन के लिए पट्टे पर दिए गए थे और मत्स्य उत्पादन 21 हजार 120 मीट्रिक टन था। विगत 25 वर्षों में मत्स्य पालन विभाग, बिलासपुर ने योजनाबद्ध प्रयासों और नवाचारों के माध्यम से इस क्षेत्र को नई दिशा दी है। आज जिले में 4 हजार 946 तालाब मछली पालन के लिए उपयोग में हैं। पट्टे पर जल क्षेत्र की सीमा 5 हजार 679 हेक्टेयर से बढ़कर 10 हजार 960 हेक्टेयर तक पहुँच गई है। ग्रामीण तालाबों की संख्या 227 से बढ़कर 4 हजार 884 हो चुकी है। इस विस्तार का सबसे बड़ा प्रभाव मत्स्य उत्पादन पर पड़ा है कृ जो अब 48 हजार 488 मीट्रिक टन तक पहुँच गया है। आज जिले में 8 हजार 980 से अधिक हितग्राही बीमा सुरक्षा और बचत सह राहत योजना जैसी योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता की पहुँच को भी सुलभ बनाया गया है।

## कर्मा नृत्य स्पर्धा - संस्कृति एकता व स्वाभिमान का उत्सव

**बिलासपुर।** कोटा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा पानी में आज कर्मा नृत्य प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, आदिवासी समाज की परंपराओं और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।



मुख्य अतिथि एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष नीलेश बिस्वास ने कहा कि "कर्मा नृत्य केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि जनजागरण का प्रतीक है। यह हमारी धरती, हमारी संस्कृति और हमारी अस्मिता की पहचान है। आदिवासी समाज की यह परंपरा हमें एकता, श्रम और प्रकृति के सम्मान की सीख देती है। राकापां सदैव समाज, संस्कृति और जनहित के प्रति समर्पित रही है।" कार्यक्रम में प्रवक्ता अंबिका शर्मा ने कहा — "कर्मा नृत्य हमारी मातृभूमि की धड़कन है। ऐसे आयोजन जनजागरण का माध्यम बनते हैं, जहाँ संस्कृति और समाज एक सूत्र में बंधते हैं। छत्तीसगढ़ की असली शक्ति उसकी संस्कृति और लोगों की एकजुटता में निहित है।" जनजागरण अभियान के इस चरण में क्षेत्र के अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने कर्मा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियाँ देकर छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा को जीवंत किया।



# धनतेरस आज, बाजार में उमड़ेगी भीड़

**मुंगेली।** धनतेरस का त्यौहार आज मनाया जाएगा, धनतेरस को लेकर बाजार में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। एक ओर जहां रोशनी के इस पर्व पर घरों की साज-सज्जा की सामग्री से बाजार रंगीन हो गए हैं, वहीं दूसरी ओर दीवाली के लिए मिट्टी के समान बनाने वाले कुम्हार मां लक्ष्मी की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।



शहर के बाजार में दीवाली का रंग चढ़ने लगा है। आगामी 20 अक्टूबर को दीवाली पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। जगह-जगह दीवाली पर खरीदारी के लिए विशेष सामग्री दुकानों के बाहर सजने लगी है। कई तरह के नए गिफ्ट आइटम और दूसरी मनमोहक चीजें बाजारों में निकलने से लोगों का ध्यान खिंचने लगा है। घरों को चमकाने के लिए पेंट की दुकानों पर भी अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। दीवाली पर घर और आंगन की सुंदरता में चार चांद लगाने रंगोली की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, इस बार बाजार में हर तरह के रंगोली उपलब्ध है। इसके साथ ही फूलों और एक से बढ़कर एक कलाकृतियां का रेडीमेड सांचा उपलब्ध है, जिसकी खूब बिक्री हो रही है। दीवाली के मौके पर लोग ग्वालिन लक्ष्मी की मूर्ति घर में लाकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए हुए शहर के कुम्हारों ने मूर्ति और ग्वालिन को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बाजार में चाइना सामग्रियों की मांग कम हुई है, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि, धीरे-धीरे ही सही, लोगों में जागरूकता आ रही है। यही कारण है कि, लोग देश के अंदर बनी झालर व लाइट की मांग कर रहे है। दीवाली के लिए साधारण मिट्टी के दीयों के अलावा बाजार में डिजाइनर दीये भी उपलब्ध हैं। मिट्टी के साधारण दीये जहां 20 रुपए दर्जन के भाव से बिक रहे हैं, वहीं डिजाइनर दीये 50 रुपए दर्जन के भाव से बेचे जा रहे हैं। डिजाइनर दीयों की अनेक किस्में बाजार में उपलब्ध है। दीवाली की सजावट के इस बार बेहद सुंदर और कलात्मक तोरण बाजार में उपलब्ध है। कुंदन, मोतियों की लड़ियों से पिरोए गए तोरण महिलाओं को खासे पसंद आ रहे हैं। कृत्रिम फूलों के वंदनवार के अलावा मोतियों कौड़ियों से बने कई तरह के वंदनवार से बाजार में रौनकता छाई हुई है। लक्ष्मी पूजा के लिए टेराकोटा और मार्बल की बनी लक्ष्मी गणेश की मूतियों से बाजार सजा हुआ है।

## बीआरसाव स्कूल में लगी फटाखा दुकान



दीपावली के अवसर पर बीआरसाव मैदान में पटाखा व्यवसायियों की दुकान सज चुकी है। नगर में दीपावली में रंग भरने के लिए दीवाली बाजार पूरी तरह से सजधज के तैयार हो गया है। नवरात्रि पर्व की शुरूआत के साथ ही पटाखों की पूछ-परख बढ़ जाती है। छोटे बच्चे पटाखों को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साहित रहते है। छोटे बच्चों के लिए रोल कैप्स, डॉट कैप्स, लाल दनाका, लूंगी, रंगीन फूलझड़ी, जमीन चकरी, चुटपुट फटाखे सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं। पटाखा दुकानों के मुख्य खरीददारी छोटे-छोटे बच्चे ही है, जो दीपावली के पूर्व ही फटाखे फोड़कर अपनी खुशियां जाहिर कर रहे हैं। दीपावली में रंग भरने के लिए दीवाली बाजार पूरी तरह से सजधज के तैयार हो गया है। रेडीमेड रंगोली, डिजाइनर दीए, पूजा थाली, वंदनवार और लक्ष्मी-गणेश की सुंदर मूर्तियों से बाजार में रौनक छाई हुई है। दुकानों का आबंटन होते ही पटाख व्यवसायी अपनी-अपनी दुकानें पटाखों से सजा लिया है।

## शराब के नशे में दो आरक्षकों का वीडियो वायरल, सस्पेंड

**लोरमी।** थाना चिल्फी में पदस्थ 2 आरक्षकों का वर्दी में आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ था। आरक्षकों ने अनुशासित विभाग में पदस्थ होने के बावजूद विभागीय गरिमा के प्रतिकूल आचरण प्रदर्शित किया। उनका कृत्य घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही तथा स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी भोजराम पटेल ने आरक्षक क्रमांक 221 राजेश ध्रुव, आरक्षक क्रमांक 323 मनोज कुमार सिंह को सस्पेंड कर रक्षित केंद्र मुंगेली में पदस्थ किया। साथ ही दोनों के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए। एसपी ने स्पष्ट किया कि, किसी भी परिस्थिति में ड्यूटी के समय नशे की हालत में होना अस्वीकार्य है। यह न सिर्फ विभाग की साख को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पुलिस विभाग के ऊपर जनता का भरोसा भी कम होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि, कर्तव्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता या किसी भी प्रकार की गैर-जिम्मेदाराना हरकत पर सख्त कार्रवाई होगी।

# पहल जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए 756 विद्यार्थी

**लोरमी।** ग्राम खुड़िया के शासकीय स्कूल में 'पहल' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित 756 विद्यार्थियों सहित 200 ग्रामीण एवं पुलिस की टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को सुरक्षा उपायों, आधुनिक तकनीकों के साथ सतर्क रहने, तथा कानून पालन के महत्व के बारे में विस्तृत एवं तर्कसंगत जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस बल के साथ संवाद किया, जो उनकी समस्याओं और आशंकाओं को सुनकर समाधान प्रस्तुत करने में सहायक रहा। आयोजकों ने यह सुनिश्चित किया कि, प्रत्येक छात्र इस आयोजन से अधिकतम लाभान्वित हो और युवाओं की चेतना एवं सामाजिक प्रतिबद्धता में वृद्धि हो। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों, प्रश्नोत्तर सत्रों और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में सामाजिक सुरक्षा तथा नीतिगत जागरूकता का विस्तार किया गया। इस अवसर पर डीएसपी संजय साहू, शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास, अंकुश, कोमल, चौकी प्रभारी माधव टांडिया, प्राचार्य एसपी मरावी, जिपं सदस्य सिंदराम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तहसीलदार, थाना प्रभारी ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण

**जरहागांव।** दीपावली पर्व के मद्देनजर बरेला नगर पंचायत में पटाखे का बाजार सज चुका है। बरेला के नगर पंचायत बनने के बाद पहली दिवाली के अवसर पर नगर अध्यक्ष नरेश पटेल के मार्गदर्शन में 14 दुकानें लगाई गई हैं। दुकानदार नोहर सिंह ठाकुर ने बताया कि, सभी दुकानदारों के लिए दुकान का आबंटन लॉटरी पद्धति से किया गया। दुकानों के निरीक्षण तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार व थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा ने किया। इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि, शासन के निर्देशानुसार दुकान आबंटन किया गया है, साथ ही नियमानुसार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। वहीं थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा सहित पुलिस टीम ने समस्त दुकानदारों का अस्थाई लाइसेंस चेक कर उन्हें सावधानी पूर्वक दुकान संचालित करने की बात कही। नगर पंचायत बरेला में इस वर्ष काफी भीड़ होने की संभावना को देखते हुए नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने उचित व्यवस्था के साथ ग्राहकों की सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था के निर्देश दिए।



# दाबो मंडल ने किया पथ संचलन

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मंडल दाबो का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम रामायण चौक स्थित सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर के सेवा निवृत्त प्राध्यापक सात्यकि सिंह परिहार रहे। उन्होंने अपने बौद्धिक में संघ के उद्देश्यों, संगठन के महत्व और राष्ट्र निर्माण में स्वयं सेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी साहू पूर्व जपं सदस्य ने की। उन्होंने समाज में संगठन की आवश्यकता और एकता की शक्ति पर प्रेरणादायी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल कार्यवाह कलेश्वर साहू ने किया, जबकि मुख्य शिक्षक की भूमिका भवानी साहू ने निभाई एवं प्रार्थना लक्की चौहान ने प्रस्तुत की। सुभाषित हारून साहू, अमृत वचन रोहित रोशन एवं गीत रज्जू साहू ने ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के ध्वज वाहक रामपूजन रहे एवं अंत में आभार प्रदर्शन मानिक सोनवानी ने किया। कार्यक्रम में लोमेश सप्रे, हजारी साहू, मनोहर यादव, हीरा कश्यप, नंदू सिंह श्रीनेत, सीताराम सिंह श्रीनेत, शिवशरण सिंह, चन्द्रकुमार साहू, उदय साहू, नोहर साहू, डॉ चन्द्रकुमार साहू, लाला साहू, रामा साहू, विनय दुबे, देवेंद्र उपाध्याय, जगमोहन मिरी, आयुष साहू, अमरचंद, रमेश सोनवानी, कमलेश प्रजापति, मनोहर मोहले, राजकुमार साहू, मोहित दाहिरे, वीर सिंह गबेल, रोहित सागर, पुरंजय सिंह, दिलहरण साहू, दिवाकर सिंह, रामकुमार गबेल, दिलेश्वर गबेल, वेकटेश्वर गबेल सहित सैकड़ों स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



### आम सूचना

मै अपने पक्षकार श्रीमती कमलेश गुप्ता, पति श्री देवी प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड न. 21 बजरंग चौक बुधवारी कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके निर्देनुसार यह आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा खातेदार श्रीमती मीना तिवारी पति जवाहरलाल तिवारी की ओर से अधिकृत होकर श्री आयुष तिवारी पिता सुरेन्द्र तिवारी निवासी जोरापारा बिलासपुर के द्वारा मौजा खमतराई प.ह.न. 17/25 रा.नि.म. कोनी तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित भूमि जिसका शीट न. 25 भूखण्ड क्र. 872/1 खसरा न. 559/1/ग/17 रकबा 0.032 हे. में से 1123 वर्गफुट भूमि स्थित हैं जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा किया गया है जिसके बयाना स्वरुप राशि देकर इकरार हुआ है जिसका विक्रेता के द्वारा समस्त दस्तावेज तैयार कर अतिशीघ्र विक्रय विलेख होना करार हुआ है उक्त भूमि की चौहद्दी उत्तर में 22 फिट निस्तारी रास्ता, दक्षिण में नितिश शुक्ला की पत्नि का मकान, पूर्व में विक्रेता की बचत भूमि, पश्चिम मे भोले श्याम साव का मकान स्थित है। अतः जिस किसी बैंक संस्था शासकीय अर्द्धशासकीय बैंक निकाय या उक्त भूमि से संबंधित जिस किसी व्यक्ति को हक या दावा हो तो प्रकाशित अवधि से 15 दिवस के अंदर निचे लिखे पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित अपना आपत्ति दर्ज करा सकते हैं समय अवधि पश्चात उक्त आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त विक्रय विलेख करा ली जायेगी। सो सूचना जानें।

दिनांक-17/10/25

विष्णुकांत गुप्ता (अधिवक्ता)
कपिल नगर सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827954253, 8871660007

### आम सूचना

यह कि मैनें LIC मे पालिसी ली है जिसका पालिसी क्रमांक 358916453, 358918242 एवं 358267930 है जिसमे मेरा पूर्व का नाम भानू देवी सिदारा Bhanu Devi Sidara दर्ज है जो मेरे आधार कार्ड क्रमांक 9589 1810 8501 मे दर्ज है।

यह कि मैने वर्तमान में अपना नाम बदलकर रीना सिदारा Reena Sidara अपने नये आधार कॉर्ड क्रमांक 9589 1810 8501 दर्ज करवा ली हूं।

यह कि यह सूचना मैं अपनी इच्छा से जारी कर रही हूं यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति है तो दिये गए मोबाईल नं.9300095711 में संपर्क करें जिसके जिसके संबंध में यह आम सूचना पत्र जारी कर रही हूं।

दिनांक: 17 अक्टूबर 2025

**रीना सिदार**
**हस्ताक्षर**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्र./Q/तह./रा.नि./सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 15/10/2025

प्रति,
1. श्री राजेन्द्र देवांगन आ.श्री राम देवांगन
2. रुद्रनारायण कश्यप चांटीडीह
3. निखिल वनवाल
4. वंशिका पिता सुनील सलुजा

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक तह./रीडर/2025 बिलासपुर दिनांक

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र देवांगन/ श्रीराम देवांगन निवासी जूना बिलासपुर द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम चांटीडीह प.ह.नं.33, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 433/3, 434/4, रकबा 1560 वर्गफीट 650 वर्गफीट हेक्टेयर भूमि का सीमांकन/बटांकन/ स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 23/10/2025 को समय दोपहर 01.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप: विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकण्डा**
**तहसील - बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना का खण्डन

मैं श्री भूपेन्द्र पाण्डेय पिता स्व. केवल प्रसाद पाण्डेय उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम लिमतरा, तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं जो दिनांक 09/10/2025 को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि बिलासपुर छ.ग में प्रकाशित आम सूचना झंकार अग्रवाल के विक्रेता मोहरसाय धृतलहरे के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम लिमतरा, प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. व तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा क्रं. 207/6 शामिल खसरा नं. 208/1, 591, 592/1, 632, 662/4 रकबा कमश: 1.284 हे. रकबा 0.016 हे., 0.133, 0.324, 0 235 हे. भूमि को झंकार अग्रवाल के साथ विक्रेता मोहरसाय घृतलहरे के द्वारा विकय करने का रजिस्टर्ड इकरारनामा दिनांक 05/02/2025 को मस्तूरी में निष्पादित कर अग्रिम राशि लिया गया है अब वर्तमान में विकेता के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है जबकि उक्त भूमि मेरे स्वत्व, स्वामित्व की भूमि मोजा ग्राम लिमतरा, प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. व तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा क्र. 207/6 208/1 रकबा क्रमश: 1.284 हे., 0.016 हे. भूमि स्थित है। जिसे मेरे द्वारा कभी भी अपने जीवनकाल में न ही किसी बैंक, संस्था, व्यक्ति के नाम से इसी आशय का इकरारनामा निष्पादित किया गया था और न ही मेरे द्वारा उपरोक्त दिनांक को रजिस्ट्री कार्यालय गया था लेकिन उक्त भूमि त्रुटिवश मेरे नाम से हटाकर मोहरसाय धृतलहरे के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज दिखा रहा है जो कि विधि प्रक्रिया के विरूद्ध त्रुटिवश दर्ज हुआ है।

अत: मोहरसाय धृतलहरे को अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का हक, अधिकार नहीं है यदि मोहरसाय धृतलहरे के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय कार्य किया जाता है तो मेरे द्वारा मोहरसाय धृतलहरे के विरूद्ध न्यायालयीन एवं कानूनी कार्यवाही किया जायेगा। जिसके लिये मोहरसाय स्वयं जिम्मेदार होगा। जिस पर मेरे द्वारा उपरोक्त आम सूचना का आपत्ति स्वरूप खण्डन का प्रकाशन किया जा रहा है कि उक्त भूमि को विकय करने का प्रयास न करे, अन्यथा आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जायेगा जिसकी समस्त जवाबदारी आपके स्वयं की होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक-16/10/2025
स्थान- बिलासपुर छ.ग.

भवदीय
श्री भूपेन्द्र पाण्डेय पिता स्व. केवल प्रसाद पाण्डेय
निवासी ग्राम लिमतरा, तहसील मस्तूरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 7987742621



जागो ग्राहक जागो

# ज्वेलर्स एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान

## "सोने में छूट मतलब किसी न किसी तरीके से लूट।"

मानकः पथप्रदर्शकः

### सोने की कीमत कभी भी बाजार भाव से कम नहीं हो सकती

जिस प्रकार दूध का सस्ता होना उसमें मिलावट का संकेत देता है, उसी प्रकार सोने का सस्ता होना उसकी शुद्धता और गुणवत्ता पर संदेह प्रकट करता है।

- **सस्ते से सावधान**

देश में कही भी सोने के भाव में 200 रु से 400 रु से ज्यादा का अंतर नहीं होता है। कई बार आपको शुद्धता से खिलवाड़ कर मिलावटी सोना बेच दिया जाता है इसलिए सोना लेने से पहले हॉलमार्क की जांच जरूर कर लेवे।

- **छूट यानी लूट**

बड़े बड़े ऑफर आपको धोखे में डाल सकते है। सोने के भाव में कोई छूट नहीं दी जाती बल्कि मेकिंग चार्जेस जैसे अन्य चार्जेस को घटाकर तथा शुद्धता से समझौता कर छूट दी जाती जिससे नुकसान होता है।


- **भारत सरकार का हाथ - सही व्यापारी के साथ**

जब भी आप गहने सोना चांदी खरीदे पक्का बिल जरूर ले। अधिकृत व्यापारी ही आपको पक्का बिल उपलब्ध करवा पाएगा जिसका वह खुद भी टैक्स सरकार को अदा करता है।

- **वोकल फॉर लोकल**

हमें हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि हम त्यौहारों की खरीदी अपने स्थानीय बाजार से करे। आपके शहर, जिला, तालुका की तरक्की वहां के व्यापार से बढ़ती है। हम जितना लोकल कारोबारियों से खरीदी करते है उतना ही आपके शहर को और भी सशक्त बनाते है।

**आपकी सतर्कता ही आपके निवेश की सुरक्षा है।**



**सस्ता सोना बेचने वाले से सिर्फ सोना खरीदे गहना नहीं आपका भ्रम दूर हो जायेगा।**

गहनों की खरीददारी में दिखाएं समझदारी
प्रमाण, पारदर्शिता और सेवा-यही हैं पहचान हमारी
-स्थानीय ज्वेलर्स

प्रो. अजय सराफ मो. 9827499599
बालाजी एण्ड बालाजी ज्वेलर्स
सदर बाजार, बिलासपुर (छ.ग.)

SKS
श्री खाटू श्याम ज्वेलर्स
खपरगंज, कोसा पाइंट के बाजू में, मारवाड़ी लाईन, बिलासपुर मो.9300311212

श्री Ram JEWELLERS
Madhyanagri Chowk, Bilaspur

RJ
हम गहने ही नहीं विश्वास भी गढ़ते है
बलौदा वाले राकेश ज्वेलर्स
करोना चौक सदर बाज़ार बिलासपुर मो. 9907981343



75% 18CT | 91.6% 22CT | 83.3% 20CT
Bureau of Indian Standards Certified Hallmarks Jewellery
GSTIN : 22CVUPS7102J1Z6
श्री माखन ज्वेलर्स
GOLD | SILVER | DIAMOND | GEMSTONES
9827875750, 7747025000

SINCE : 1925
बलौदा वाले तुलाराम ज्वेलर्स
मेन रोड सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9893622289

बलौदा वाले महेश ज्वेलर्स
करोना चौक सदर बाज़ार बिलासपुर मो. 9827172386

GJ
गुलाब सिंह जितेन्द्र सिंह ज्वेलर्स
मंगला चौक, बिलासपुर

GORAKHNATH JEWELLERS
सदर बाजार, बिलासपुर

RGJ SINCE 2010
रौनक जेम्स एंड ज्वेलरी
अपोजिट गवरमेंट हाई स्कूल गांधी चौक बिलासपुर मो. 9617755555

अनमोल ज्वेलर्स
करोना चौक, सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9827924898

GS GULAB SINGH JEWELLERS Since 1964
सोने-चांदी की सबसे विश्वनीय प्रतिष्ठान
गुलाब सिंह ज्वेलर्स Since-1964
उस्लापुर ओवरब्रिज,स्टेट बैंक के बाजू में बिलासपुर
प्रो.कल्याण सिंह हूरा गगनदीप सिंह हूरा
9907913847
7049430000

SINCE 1979
सती श्री ज्वेलर्स
DIAMOND | GOLD | SILVER | GEMSTONES
अशोक सोनी-9827931848, कैलाश सोनी-9424153588
सदर बाजार/उस्लापुर

Since 1977 BJ
बालाजी ज्वेलर्स
Main Road Sadar Bazar Bilaspur(c.g.)
Balaji._jewellers_ 9827176005, 7024166550

माँ Santoshi JEWELLERS
मारवाड़ी लाईन, सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9893135961

RJ
रितेश ज्वेलर्स
करोना चौक, सदर बाजार, बिलासपुर मो. 9827469493

संतोष कुमार सतीश कुमार शाह ज्वेलर्स (मेन रोड तिलकनगर/सीपत रोड सरकंडा) ★ छेदीलाल मोतीलाल सराफ ज्वेलर्स (गोल बाजार) ★ मंगलम् ज्वेलर्स (सदर बाजार) ★ शुभकामना ज्वेलर्स (जूना बिलासपुर) ★ शुभांक ज्वेलर्स (गायत्री मंदिर रोड, विद्या नगर) ★ श्री जगदम्बा ज्वेलर्स (करोना चौक, सदर बाजार) ★ श्री सावित्री ज्वेलर्स (श्रीराम मार्केट के सामने अग्रसेन चौक) ★ शीतला ज्वेलर्स (सदर बाजार) ★ भीम ज्वेलर्स (मारवाड़ी लाईन)

*बिल्हा-बिलासपुर ज्वेलर्स, शिव शंकर ज्वेलर्स, जेवर वाले, महामाया ज्वेलर्स, *चकरभाठा- हरिओम ज्वेलर्स, आर.के. ज्वेलर्स, श्री आर.के. ज्वेलर्स, ओम साईराम ज्वेलर्स, ममता ज्वेलर्स, राम जी ज्वेलर्स, महादेव ज्वेलर्स, संजय ज्वेलर्स, रूपचंद जयरामदास ज्वेलर्स, शानवी ज्वेलर्स, ओम सांईनाथ ज्वेलर्स, ओम ज्वेलर्स *तिफरा-सांई कृपा ज्वेलर्स, *सदर बाजार- मायाश्री ज्वेलर्स, जानकी ज्वेलर्स *उस्लापुर- सती श्री ज्वेलर्स *मंगला चौक- माही ज्वेलर्स, *तोरवा-स्वर्ण मंदिर ज्वेलर्स *सरकंडा व चिंगराजपारा-संतोष कुमार सतीश कुमार शाह ज्वेलर्स, सिद्धी ज्वेलर्स, गीता ज्वेलर्स, स्वर्णकार ज्वेलर्स, *राजकिशोर नगर-महालक्ष्मी ज्वेलर्स, संतोष ज्वेलर्स रितेश ज्वेलर्स *पुराना बस स्टैण्ड-श्री नन्दजी ज्वेलर्स एवं राशि रत्न *टिकरापारा- ज्वेल ज्वेलर्स *सेमरताल-तनीषा ज्वेलर्स

BILASPUR SARAFA ASSOCIATION BSA BILASPUR

# बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

अध्यक्ष- कमल सोनी | महासचिव- श्रीकांत पाण्डेय | कोषाध्यक्ष- रौनक साव | कार्यकारी अध्यक्ष- अजय सराफ

J.J.Ad

# निवेदक: छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

पता : शॉप नं. 12, गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) 9302920005

"बस्तर से अंबिकापुर एवं रायगढ़ से राजनांदगांव विकास एवं विस्तार के लिए समर्पित"

कमल सोनी (प्रदेश अध्यक्ष) 9200000064 | प्रकाश गोलछा (महा-सचिव) 9302920005 | हर्षवर्धन जैन (कोषाध्यक्ष) 7879878787 | प्रदिप मारूति घोरपड़े (चेयर पर्सन, अध्यक्ष प्रतिनिधि) 9584460707 | पवन अग्रवाल (संभाग प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष) 9425254000

खबर संक्षेप

## डेयरियों की जांच, पनीर खोवा का सैंपल जब्त

**बिलासपुर।** फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा शुक्रवार को जिले भर में कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानों से सैंपल लिए गए है, वहीं नकली पनीर और खोवा की जांच के लिए डेयरियों का औचक निरीक्षण किया गया है। खास बात यह है कि विभाग ने पनीर और खोवा के सैंपल जब्त कर उसे जांच के लिए रायपुर भेज दिया है। फूड एंड सेफ्टी विभाग ने मोपका स्थित वल्लभ डेयरी में औचक निरीक्षण किया और निर्मित पनीर और खोवा के पैकेज की जांच की। इस दौरान संदिग्धता को तौर पर टीम ने सैंपल जब्त कर लिया। इसके साथ ही सरकंडा स्थित गोपाल डेयरी में भी टीम ने छापामारा है। टीम द्वारा नेशनल फूड सिक्यूरिटी के तहत एमएफपीएल के तहत 7 प्रकरण बनाए हैं।

## शराब पीने के दौरान एक ने दूसरे को पीटा

**बिलासपुर।** शराब भट्ठी में चखना खाते हुए दो लोग आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ा कि एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। घालय व्यक्ति ने कोनी थाने में जुर्म दर्ज कराया है। मामले के अनुसार कमल गंधंव कछार आवास अमलीपारा में रहता है और स्कूल बस में हेल्परी करता है। 16 अक्टूबर की रात 9.30 बजे अपने भतीजे मुकेश गंधर्व के साथ सेंदरी शराब भट्ठी पर बैठा था। उसी दौरान सेंदरी के करन पाल का ठंडा पानी पाऊच पीने के लिए उठा लिया। जिससे करण आगबबुला हो गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। धारदार लोहे की वस्तु मारपीट करने के कारण कमल को कई जगहों पर चोटें आई है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



## राजीव प्लाजा से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** अज्ञात चोरों ने पैथोलेब में काम करने वाले युवक की बाइक राजीव प्लाजा से पार कर दी है। युवक ने घटना की शिकायत तारबहार थाने में दर्ज कराई है। मामले के अनुसार रवेंद्र कुमार टंडन बिरगहनी थाना जरहागांव जिला मुंगेली का निवासी है, वह शिवघाट सरकंडा में रहता है और छत्तीसगढ़ काम्प्लेक्स के एक निजी पैथोलेब में काम करता है। गुरूवा को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 28 जे 3538 को लेकर राजीव प्लाजा स्थित मोबाइल दुकान गया था। उसने अपनी बाइक पार्किंग में रखी थी। इस दौरान वह करीब 3.20 को वापस लौटा, लेकिन बाइक अपनी जगह पर नहीं थी। अज्ञात चोरों ने युवक की बाइक पार कर दी है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया | पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फार्मूला बदल दिया गया

# 45 लाख छात्रों पर होगा असर, अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा परिणाम में जोड़े जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य में पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फार्मूला बदल दिया गया है। अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। मतलब कि तिमाही छमाही परीक्षा में कम अंक आने पर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट प्रभावित होगा।

यह व्यवस्था चालू शिक्षा सत्र से ही लागू कर दी गई है। हालांकि बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के इस फैसले में 10वीं-12वीं के छात्रों को छोड़कर राज्य के लगभग 45 लाख छात्र प्रभावित होंगे। शिक्षा विभाग ने चालू शिक्षा सत्र से ही रिजल्ट का नया फार्मूला लागू कर दिया है। राज्य के सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को रिजल्ट के नए फार्मूले के संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा सिस्टम में ज्यादातर स्कूलों में परीक्षा केवल औपचारिकता निभाने के लिए ली जाती है। जबकि तिमाही-छमाही टेस्ट छात्रों के तीन और छह माह की तैयारियों का आंकलन करने के लिए आयोजित होते हैं। इसके बावजूद लापरवाही बरती जाती है। अब चूंकि दोनों परीक्षाओं के अंक जोड़ने का निर्णय लिया गया है, इससे इन दोनों परीक्षाओं के प्रति गंभीरता बढ़ेगी और पढ़ाई का स्तर भी सुधरेगा।




### छात्रों को फेल करने का नियम ही बदल दिया

गौरतलब है कि राज्य में 2010 के पहले भी कुछ शिक्षा सत्रों में वार्षिक परीक्षाफल तैयार करने का यही सिस्टम लागू किया गया था। उस समय भी तिमाही व छमाही परीक्षा के अंकों को जोड़कर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार किया जाता था। उसी दौरान 2010 में आरटीई यानी शिक्षा का अधिकार कानून लागू हो गया है। उसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को फेल करने का नियम ही बदल दिया गया। यानी पहली से आठवीं तक सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से पास करने का सिस्टम लागू कर दिया गया। उसके बाद से मूल्यांकन का फार्मूला बदल दिया गया।

### तिमाही के 20% और छमाही 30% अंक जुड़ेंगे

नई व्यवस्था के मुताबिक कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी में तिमाही व छमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20-20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी तिमाही-छमाही का 20-20 प्रतिशत और वार्षिक का 60 प्रतिशत मिलाकर ही परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा में छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। यानी छमाही का 30 फीसदी एवं वार्षिक का 70 फीसदी मिलाकर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

### 9वीं-11वीं के लिए माशिमं के पास गया प्रस्ताव

इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए भी छमाही परीक्षा के प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 फीसदी अधिभार के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया है लेकिन अभी इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा रहा है। इस बारे में माध्यमिक शिक्षा मंडल को पत्र लिखकर वहां से राय मांगी गई है। मंडल से सहमति मिलने के बाद ही 9वीं और 11वीं के लिए निर्णय लिया जाएगा। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों को भी स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। इस बारे में जानकारों का कहना है कि छात्र तिमाही, छमाही में अगर अच्छे अंक पाते हैं तो उन्हें फायनल एग्जाम में मदद मिलेगी। लेकिन इस सतत मूल्यांकन की प्रक्रिया में गंभीरता और ईमानदारी होनी चाहिए। यह फार्मूला पहले भी लागू किया गया था। उस समय भी खामियां थीं।

### जोड़े जाएंगे अंक

अब तिमाही और छमाही परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। बोर्ड परीक्षाओं यानी कक्षा 10वीं और 12वीं में यह फार्मूला लागू नहीं किया गया है।

**- आरपी आदित्य**, संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

सभी सड़कों और प्रमुख बाजार क्षेत्रों में जाम जैसे हालात बने

# चमके बाजार, थमी रफ्तार, धनतेरस और दिवाली की खरीदारी ने बढ़ाया ट्रैफिक का दबाव



सदर बाजार में धनतेरस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को जमकर सड़क पर लगी रही भीड़, यातायात व्यवस्था चरमराई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

18 अक्टूबर को धनतेरस से शुरू हो रहे दीपावली पर्व के लिए न्यायधानी सजकर तैयार हो गई है। सभी प्रमुख बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। दुपहिया वाहन और कारें सड़कों पर उतर आई हैं। इस वजह से सभी सड़कों और प्रमुख बाजार क्षेत्रों में जाम जैसे हालात बन गए हैं। पुलिस प्रशासन ने इन प्रमुख बाजारों के आसपास पार्किंग के लिए जगह चिन्हित किए हैं। लोगों से अपील की जा रही है कि संबंधित बाजार क्षेत्र में पहुंचने पर वे निर्धारित पार्किंग स्थल पर गाड़ियां रखें। यातायात पुलिस बिलासपुर ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक लागू रहेगी। इस दौरान प्रमुख बाजार क्षेत्रों में वाहनों के लिए डायवर्सन और वैकल्पिक पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। गोलबाजार को जरूर वन वे किया गया लेकिन उसका बहुत अधिक असर देखने को नहीं मिला।

### दुकान सजाने सामान फुटपाथ पर रख लिया

देखा जाए तो दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में फुटपाथ पर बाजार सज गए हैं। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से हालात यह हैं कि आम रास्ते और फुटपाथों पर दुकानें लग गईं हैं। इसके अलावा शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकान सजाने के लिए सामान फुटपाथ पर रख लिया है।

### इस तरह की है ट्रैफिक व्यवस्था

- सदर बाजार, गोल बाजार, हटरी चौक और शनिचरी बाजार क्षेत्र में फोर एवं थ्री व्हीलर वाहनों का डायवर्सन गांधी चौक से राघवेंद्र तिराहा और पुरानी बस स्टैंड से बाल्मीकि चौक तक रहेगा। पार्किंग के लिए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर, हैप्पी स्ट्रीट, बाजपेई मैदान, कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग, राम सेतु सरकंडा की ओर निर्माणाधीन न्यू रिवर व्यू मार्ग, क्रिकेट अकादमी ग्राउंड, देवकी नंदन स्कूल परिसर और शनिचरी रपटा के पास निर्माणाधीन रिवर व्यू क्षेत्र को तय किया गया है।
- इसी तरह मुंगेली नाका से मंगला चौक एरिया में भी फोर एवं थ्री व्हीलर डायवर्सन लागू रहेगा। विशेष रूप से मंगला चौक और शेफर्ड स्कूल तिराहा के आसपास इसे लागू किया गया है। वाहनों की पार्किंग के लिए शेफर्ड स्कूल परिसर और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मार्ग स्थल निर्धारित किए गए हैं। बृहस्पति बाजार क्षेत्र में डायवर्सन जेल लाइन तिराहा और पोस्ट ऑफिस तिराहा से रहेगा। यहां वाहन चालकों के लिए मिशन स्कूल ग्राउंड और छत्तीसगढ़ स्कूल प्रांगण पार्किंग स्थल के रूप में तय किए गए हैं।
- इसी तरह बुधवारी बाजार एरिया के लिए पार्किंग की व्यवस्था थाना तोरवा परिसर के पास की गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे व्यस्त समय में छोटे वाहनों या पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ही उपयोग करें और नियत पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े करें। साथ ही, सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग न करें, ताकि आवागमन सुचारु रहे और किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## दीपावली पर भीड़ नियंत्रित करने स्टेशन में बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था

दीपावली पर्व में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ की संभावना और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, जिसमें आरपीएफ, जीआरपी के साथ सिविल डिफेंस के स्टाफ 24 घंटे निगरानी में लगे हुए हैं। दीपावली और छठ पूजा पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए बिलासपुर रेल मंडल ने सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। स्टेशन तथा ट्रेनों में सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के अलावा अन्य प्रमुख स्टेशन उसलापुर, रायगढ़, चांपा, कोरबा सहित अन्य स्टेशनों में यात्री गाड़ियों में भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटी, यातायात नियंत्रण हेतु आरपीएफ और वाणिज्य विभाग की संयुक्त टीम सतत निगरानी कर रही है। बेहतर भीड़ प्रबंधन के लिए प्रमुख स्टेशनों के प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज और ट्रेनों एवं व्यवस्थित बोर्डिंग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए हैं। सार्वजनिक घोषणा प्रणाली व संकेतक के माध्यम से यात्रियों को सही सूचना प्रदान की जा रही है। यात्रियों को कतारबद्ध होकर बोर्डिंग करने के लिए निर्देशित करने के साथ सुरक्षित बोर्डिंग के महत्व को समझाया जा रहा है।

- आरपीएफ और जीआरपी के साथ सिविल डिफेंस की लगी इ्यूटी



## कर्मचारी संघ ने चेयरमैन से की द्विपक्षीय वार्ता, हड़ताल स्थगित

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लिया सकारात्मक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ द्वारा 9 अक्टूबर को विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन किया गया था और 10अक्टूबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक प्रदर्शन जारी था।

17 अक्टूबर को महासंघ के प्रतिनिधियों ने विद्युत कंपनी के चेयरमैन से द्विपक्षीय वार्ता की। जिसके बाद 18 से हड़ताल में जाने का फैसला रद्द कर दिया गया है। द्विपक्षीय वार्ता में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने बताया कि 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा नियमितीकरण से अधिकारियों को अवगत कराया गया है। विद्युत कंपनी के अध्यक्ष रोहित यादव पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में सकारात्मक निर्णय लिया है। संविदा नियमितीकरण के मुद्दे कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी गई है। साथ ही संविदा कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा, राष्ट्रीय अवकाश में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान, ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति, सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की भी सहमति बनी। जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल में जाने का रास्ता छोड़ दिया है। उक्त मांगों को लेकर कर्मचारी संघ का पिछले काफी समय से धरना प्रदर्शन जारी रहा।

- संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण प्रक्रिया जारी




## असामाजिक तत्वों ने दो बाइक को किया आग के हवाले

**बिलासपुर।** कतियापारा में असमाजिक तत्वों ने रात का फायदा उठाकर युवक की बाइक को आग लगा दी। बाइक के साथ खड़ी अन्य गाड़ियां भी आग में जलकर खाक हो गई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने घटना के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कतियापारा दुर्गा चौक में रहकर प्राइवेट जॉब कर रहे युवक की बाइक को अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। घटना 16अक्टूबर की है। युवक स्कुटी प्लेजर क्रमांक सीजी 10 ईबी 2228 से ही अपने काम पर जाता है, रोज की तरह उस दी भी वह रात 11.30 बजे लौटा और दुर्गा मंदिर के पीछे घर के बगल में बाइक खड़ी कर सोने चला गया। रात 2.30 बजे घर में ज्यादा धुआ भरने पर वह उठा, इस दौरान उसकी बाइक धूंध कर जल रही थी। इस दौरान उसके साथ खड़ी अन्य बाइक प्लेजर क्रमांक सीजी 10 एटी 8142 भी आग की चपेट में आ चुकी थी। लोगों की मदद से आग बुजाने का प्रयास किया गया। जहां बाइक जल रही थी, वहां एक बॉटल में पेट्रोल रखा था। अज्ञात लोगों ने दोनों बाइक को आग के हवाले कर रफूचक्कर हो गए थे। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




## 10 दिसंबर को स्थानीय अवकाश घोषित

**बिलासपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश के दिन को राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है।

